संशोधित

कार्यालय: पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग
पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय मुख्य परिसर स्थित पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अन्तर्गत पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग के द्वारा संचालित MAITRI (मैत्री) प्रशिक्षण कार्यक्रम के आगामी बैचों में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षनार्थियों के नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था का कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्य हेतु निविदा दाताओं से दिनांक 04/02/2026 सायं 05 बजे तक निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। सम्बंधित निविदा प्रपत्र आवश्यक शर्तों सहित विभाग के कार्यालय से दिनांक 18/01/2026 से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदाएं दिनांक 04/02/2026 सायं 05 बजे तक विभाग में डाक द्वारा भेजी जा सकती हैं। निविदादाताओं को तकनीकी बिड से सम्बंधित निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट निर्धारित रूप में दिनांक 04/02/2026 सायं 05 बजे तक कार्यालय में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)
	विश्वविद्यालय मुख्य परिसर स्थित पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अन्तर्गत पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग के द्वारा संचालित MAITRI (मैत्री) प्रशिक्षण कार्यक्रम के आगामी बैचों में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षनार्थियों के नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था का कार्य- **सुबह-** नाश्ता (चाय, ब्रेड पकौड़ा/ पूड़ी सब्जी/ दही जलेबी/ छोला भटूरा) **दोपहर-** दाल चावल, रोटी सब्जी, सलाद/ अचार **शाम-** चाय, बिस्किट **रात-** चावल, पूड़ी/ रोटी, दाल, सब्जी/ छोला /अंडा करी/ मटर पनीर/ नान वेज	5000.00	1000.00 GST@18% -180.00 1180.00

आवश्यक सूचना-

1. निविदा के माध्यम से प्राप्त दरें अगले एक वर्ष तक वैद्य रहेंगी।
2. निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जो वित्त नियंत्रक, आचार्य न. दे. कृ. एवं प्रौ. वि. वि., कुमारगंज, अयोध्या के पक्ष में आहरित हो संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो वित्त नियंत्रक, आचार्य न. दे. कृ. एवं प्रौ. वि. वि., कुमारगंज, अयोध्या के पक्ष में आहरित हो संलग्न करना आवश्यक होगा।

4. टेक्निकल बिड में निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, अनुभव प्रमाण पत्र, यदि कोई हो तो, पैन, जी.एस.टी., आधार की छायाप्रति एवं ई.मेल. आई.डी. होना आवश्यक होगा|
5. निविदा समिति द्वारा सर्वप्रथम दिनांक 05/02/2026 को पूर्वाहन टेक्निकल बिड खोली जाएगी| अहर्र टेक्निकल बिड दाताओं की ही फाइनेंसियल बिड खोली जाएगी|
6. टेक्निकल बिड की हार्ड कॉपी केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट द्वारा, नोडल अधिकारी, मैत्री प्रशिक्षण, पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या के पते पर ही स्वीकार की जाएगी|
7. निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट दिनांक 04/02/2026, 5:00 बजे तक उपरोक्त पते पर जमा करना आवश्यक होगा|
8. निविदा की दरें, निर्धारण के दिनांक से एक वर्ष तक मान्य होंगी, इस दौरान जितने भी मैत्री प्रशिक्षनार्थी प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय में आयेंगे, उनके नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी निविदादाता की ही होगी तथा जिस स्थल पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा उसकी साफ़-सफाई की जिम्मेदारी भी निविदादाता की ही होगी|
9. निविदादाताओं द्वारा तकनीकी एवं फाइनेंसियल बिड अलग-अलग सील्ड लिफाफों में रख कर ही एक लिफाफे में रख कर भेजी जानी चाहिए|
10. निविदादाता के भुगतान प्रपत्र से नियमानुसार जी.एस.टी. एवं इनकम टैक्स की कटौती की जायेगी|
11. विश्वविद्यालय को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा|
12. किसी भी विवाद की दशा में सक्षम अयोध्या न्यायलय को सर्वाधिकार होगा|

नोडल अधिकारी- मैत्री प्रशिक्षण
पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग
पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय